## खबर संक्षेप

### सिटी स्टेट बैंक शाखा के बाहर एटीएम बदलने वाला गिरोह सक्रिय होने की आशंका, महिला की सतर्कता से बची रकम

**मैहर।** शहर के सरलानगर रोड स्थित सिटी स्टेट बैंक शाखा के एटीएम के बाहर एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है। एक महिला की सतर्कता से उसके खाते से रकम निकलने से बच गई। वहीं,यदि बैंक प्रबंधन को पहले से ऐसी घटनाओं की जानकारी थी, तो समय रहते पुलिस को सूचना न देने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार,सोमवार को एक महिला एटीएम से पैसे निकालने पहुंची थी। इसी दौरान एक युवक ने मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। कुछ ही देर बाद महिला को संदेह हुआ,जिसके बाद उसने तुरंत बैंक शाखा के अंदर जाकर अपना एटीएम कार्ड ब्लॉक करा दिया। समय रहते कार्ड ब्लॉक होने से उसके खाते से कोई राशि नहीं निकल सकी। महिला ने बताया कि उसने मैहर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान के वीडियो सोशल मीडिया पर देखे थे,जिनमें कार्ड ब्लॉक कराने और खाते को सुरक्षित रखने की जानकारी दी गई थी। इसी जागरूकता के कारण वह ठगी का शिकार होने से बच गई। महिला ने मैहर पुलिस के इस अभियान की सराहना भी की। हालांकि,उसने इस घटना की औपचारिक शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं कराई।

### भोपाल में मुख्यमंत्री से मिले मैहर के विधायक

**मैहर।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने सोमवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से शिष्टाचार एवं आत्मीय भेंट की। इस दौरान मैहर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास,अधोसंरचना के विस्तार,जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा क्षेत्र की प्राथमिकताओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।



# बारिश से 'स्मार्ट सिटी' के चैंबर ब्लास्ट, सड़कों पर पलटे वाहन

**नागौद बस स्टैंड बना तालाब, अमरपाटन से बिरसिंहपुर तक बहा 'विकास'; नालियां चोक होने से लोगों के घरों में घुसा गंदा पानी, जनता में भारी आक्रोश**











**सतना।** मानसून की पहली झमाझम बारिश ने ही नगर निगम और स्थानीय नगर परिषदों के विकास के खोखले दावों की कलई खोलकर रख दी है। चंद घंटों की बारिश में पूरा हर जगह पानी नजर आ रहा है। क्या आम सड़क,क्या खास इलाके-सब पानी-पानी नजर आए। स्थिति यह रही कि स्वयं महापौर के घर के सामने भी भारी जलभराव हो गया। कहीं सीवर लाइन के चैंबर ब्लास्ट होने से गंदगी सड़कों और घरों में फैल गई,तो कहीं बदहाल सड़कों के कारण बिरसिंहपुर और नजीराबाद में ऑटो व ई-रिक्शा पलटने से बड़े हादसे होते-होते बचे। जलभराव और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर अब जनता का आक्रोश फूट पड़ा है।

### महापौर के घर के सामने भी भरा पानी, गलियां बनीं टापू

बारिश का असर शहर के वीआईपी इलाकों में भी साफ देखने को मिला। झमाझम बारिश के बाद सिद्धार्थ नगर वार्ड की सड़कें और गलियां पूरी तरह जलमग्न हो गईं।विडंबना देखिए कि सतना महापौर के घर के सामने भी भारी जल भराव हो गया,जिसके चलते राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने तीखी नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द जलनिकासी की मुकम्मल व्यवस्था कराने की मांग की है।

### 'स्मार्ट सिटी' का बुरा हाल,सीवर चैंबर ब्लास्ट

नगर निगम की 'स्मार्ट सिटी' परियोजना की पोल वार्ड नंबर 14 में खुल गई। यहाँ बारिश के पहले ही दिन सीवर लाइन का चैंबर ब्लास्ट हो गया,जिससे पूरे शहर की गंदगी और मल-मूत्र सड़कों के साथ-साथ लोगों के घरों के भीतर समा गया।स्थिति इतनी भयावह है कि यह पहचानना मुश्किल हो गया है कि सड़क कहाँ है और नाली कहाँ।

### अधिकारी कर रहे दावे,बिहारी चौक पर हकीकत कुछ और

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह नालियों और नालों की सफाई को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं,लेकिन शहर के बीचों-बीच स्थित बिहारी चौक के पास चोक पड़ी नालियों ने इन दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं। इसके अलावा,सर्किट हाउस से चंद कदम दूरी पर स्थित गायत्री मंदिर के पीछे 'ईश्वर पटिया वाली गली' में नालियां चोक होने से गंदा पानी लोगों के घरों में भर गया है,जिससे लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। वहीं सतना बस स्टैंड रोड पर भी पानी के बीच एक ऑटो धड़ाम से पलट गया।

### नागौद में नरकीय हुआ बस स्टैंड,जानलेवा गड्ढे

नागौद नगर का मुख्य बस स्टैंड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पहली ही बारिश में पूरा परिसर तालाब बन गया है,जहां जगह-जगह जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। यात्रियों,विशेषकर महिलाओं,बुजुर्गों और बच्चों को कीचड़ और पानी के बीच जान जोखिम में डालकर बसों तक पहुंचना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि जल निकासी न होने से दुकानों के सामने पानी भर गया है,जिससे धंधा पूरी तरह ठप हो गया है।

### नेताओं ने मोर्चा खोला

नागौद कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट मुख्तार अहमद सिद्दीकी ने कलेक्टर और सीएमओ से मांग की है कि बस स्टैंड,वार्ड नंबर 7 और वार्ड नंबर 9 (बीचपुरिया कॉम्प्लेक्स के सामने) में जारी जलभराव की समस्या को तत्काल दूर किया जाए।

### अमरपाटन और बिरसिंहपुर: पानी में बहा 'विकास',हादसे का शिकार हो रहे वाहन

अमरपाटन में हुआ विकास पहली ही बारिश में पानी-पानी हो गया। सड़कों पर पानी का बहाव किसी तेज जल-जला (बाढ़) की तरह दिखाई दिया। विशेषकर अमरपाटन के सतना चौराहे पर जल निकासी न होने के चलते गंभीर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। सतना चौराहे से गांधी चौक जाने वाले रास्ते पर नालियों का गंदा पानी सड़कों पर हिलोरें मार रहा है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक,पिछले साल सड़क निर्माण के दौरान से ही आए दिन ऐसे ही हालात बनते हैं। कई बार शिकायत की जा चुकी है,परंतु सुधार तो दूर,हालात जस के तस बने हुए हैं। वहीं बिरसिंहपुर बाजार का हाल भी बेहाल है। बस स्टैंड रोड पर पानी से भरे गड्ढे का अंदाजा न मिलने के कारण एक ऑटो अनियंत्रित होकर धड़ाम से पलट गया। इसके अलावा नजीराबाद में भी जलभराव के चलते एक ई-रिक्शा पलट गया। गनीमत रही कि इन हादसों में कोई जनहानि नहीं हुई,लेकिन राहगीर सहमे हुए हैं। जिले भर के नागरिकों का कहना है कि नगर निगम और नगर परिषदें जनता से करोड़ों रुपये का टैक्स वसूलती हैं,लेकिन जब मूलभूत सुविधाएं देने की बात आती है,तो सब भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। बरसात के मौसम की शुरुआत में ही यह हाल है,तो आगे क्या होगा? नागरिकों ने प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि युद्धस्तर पर नालों की सफाई और गड्ढों को भरने का कार्य शुरू किया जाए,ताकि जनता को इस नरक से राहत मिल सके।

### बारिश और उमस

सतना में न्यूनतम तापमान 26.0C और अधिकतम 33.0C दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर (आर्द्रता) 78% से 98% तक पहुंचने के कारण भारी उमस रही। सुबह 8:30 बजे तक 14.8 मिमी बारिश हुई,जिसके बाद शाम 5:30 बजे तक 32.6 मिमी की तेज बारिश दर्ज की गई।

# सतना-चित्रकूट मार्ग पर भीषण सड़क हादसा: कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत







### मझगवां के चौराहा शराब दुकान के पास की घटना: टक्कर मारकर कार चालक फरार, जांच में जुटी पुलिस

**सतना।** सतना -चित्रकूट मार्ग पर चौराहा शराब दुकान के समीप एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### शवों को मर्चुरी में रखवाया,कार चालक की तलाश जारी

घटना की सूचना मिलते ही मझगवां थाने का डायल 112 स्टाफ तत्काल मौके पर पहुँचा। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी (शवगृह) भिजवाया।मझगवां थाना पुलिस के मुताबिक घटना को अंजाम देने के बाद कार सवार वाहन सहित मौके से फरार हो गया है।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में ले लिया है।फरार कार और उसके चालक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पड़वनिया कोठार के रहने वाले थे मृतक

प्राप्त जानकारी के अनुसार,मृतकों की पहचान नजदीक के ग्राम पड़वनिया कोठार निवासी विष्णु मवासी और पंकज मवासी के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक से किसी काम के लिए निकले थे,तभी रास्ते में काल बनकर आई तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई।

# मोटर चोरी के तीन आरोपी माल सहित गिरफ्तार

**सतना।** नागौद पुलिस ने खेत से सबमर्सिबल मोटर और पाइप चोरी करने वाले अंतर-थाना गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से शत-प्रतिशत चोरी गया माल भी बरामद कर लिया है।जानकारी के अनुसार,ग्राम कचनार निवासी फरियादी रामचंद्र मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22-23 जून की दरमियानी रात उनके खेत के बोरवेल से 5 एचपी की समरसिबल मोटर,130 फीट केबल,रस्सी और 13 नग प्लास्टिक पाइप (कुल कीमत करीब 35 हजार रुपये) चोरी हो गए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर कचनार स्थित बरकुनिया मंदिर के पास दबिश दी। वहाँ घेराबंदी कर आरोपी सूर्यकांत लोधी (20,निवासी सलैया) को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने साथी गोलू लोधी(19) और जयगोपाल लोधी(21,दोनों निवासी सिजहटी,थाना जसो) के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




# 'सेफ क्लिक 2.0': सतना पुलिस की जनता से अपील एक गलत क्लिक से साफ हो सकती है गाढ़ी कमाई



**सतना।** ऑनलाइन दुनिया में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए सतना पुलिस ने आमजन को सतर्क करने के लिए एक विशेष संदेश जारी किया है। पुलिस ने नागरिकों को आगाह करते हुए कहा है कि इंटरनेट और स्मार्टफोन के दौर में एक सही क्लिक जहां आपकी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकता है,वहीं आपका एक गलत क्लिक सब कुछ गंवा सकता है। इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सतना पुलिस ने जिले में 'Safe Click 2.0' अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के माध्यम से पुलिस विभाग ने जनता से भावुक और बेहद जरूरी अपील की है कि वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय पूरी तरह सोच-समझकर ही कोई कदम उठाएं। किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक,आने वाले संदिग्ध कॉल या मोबाइल पर प्राप्त होने वाले ओटीपी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। साइबर अपराधी अक्सर झांसा देकर लोगों की निजी और वित्तीय जानकारी चुरा लेते हैं।सतना पुलिस ने सभी नागरिकों से 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया है,ताकि लोग खुद भी सतर्क रहें और अपने परिवार को भी शातिर साइबर अपराधियों के जाल से सुरक्षित रख सकें।

### वन स्टॉप सेंटर से गायब नाबालिग को पुलिस ने उत्तराखंड से किया बरामद

**सतना।** कोतवाली थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए वन स्टॉप सेंटर (सखी) धवारी से अचानक गायब हुई एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को उत्तराखंड से सकुशल बरामद कर लिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरव पाण्डेय के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई थी। घटनाक्रम के अनुसार, 27 अप्रैल 2026 को वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक नीता श्रीवास्तव ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक नाबालिग बच्ची बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने तत्काल अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया।नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली।

### वैष्णो देवी एवं बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना



**मैहर।** आस्था,श्रद्धा और उत्साह के वातावरण के बीच माँ शारदा की पावन नगरी मैहर से वैष्णो देवी एवं पवित्र बाबा बर्फानी अमरनाथ धाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने माँ शारदा देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। रवाना होने से पहले माँ चंदी देवी मंदिर में मैहर के वरिष्ठ व्यापारी दुर्गा गुप्ता अशोक गुप्ता द्वारा सभी श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया तथा तिलक लगाकर उन्हें शुभ कामनाओं के साथ विदा किया गया। इस आत्मीय स्वागत से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और सभी ने यात्रा के सफल एवं मंगलमय होने की प्रार्थना की।यात्रा में शामिल श्रद्धालु पहले माता वैष्णो देवी के पवित्र धाम में दर्शन करेंगे,इसके पश्चात बाबा बर्फानी अमरनाथ के पावन हिमलिंग के दर्शन कर भगवान भोले नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### स्कूल जाने वाले बच्चों पर आफत, प्रेम नगर की टूटी सड़क सुधारने की मांग तेज



**सतना।** प्रेम नगर की मुख्य सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल' ने सड़क की जर्जर हालत पर गहरी चिंता जताते हुए नगर निगम से तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। श्री भाटिया ने बताया कि अंडर ब्रिज से एम.पी.ई.बी. कार्यालय तक जाने वाली यह आम सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं,जिनमें बरसात का पानी भर जाने से पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर कई स्कूल स्थित होने के कारण रोजाना सैकड़ों छोटे बच्चे इसी रास्ते से गुजरते हैं। गड्ढों के कारण बच्चे अक्सर गिरकर चोटिल हो रहे हैं,जिससे अभिभावकों में भी भारी आक्रोश है। जिलाध्यक्ष भाटिया बब्बल' ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम कमिश्नर से मांग की है कि जनहित में इस महत्वपूर्ण सड़क का तत्काल सुधार कराया जाए ताकि स्कूली बच्चों व आम नागरिकों को राहत मिल सके।

**खबर संक्षेप**

### जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार हुए सेवानिवृत्त



**पन्ना।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न पदों पर रहे मिलनसार मृदु भाषी कार्य क्षमता के अग्रणी तथा वर्तमान में जिला पंचायत के मनरेगा परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार अपनी सेवा अवधि पूरी करके सेवा निवृत्त हुए हैं ।उनकी सेवानिवृत्ति होने पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ज्ञात हो श्री परिहार पन्ना जिले में सचिव के पद पर पदस्थ हुए थे उसके बाद वह पंचायत समन्वय अधिकारी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत तथा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत जैसे महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ रहते हुए सेवानिवृत हुए हैं श्री परिहार ने पन्ना जिले में लगभग 35 वर्ष से अधिक बिताए हैं उनकी कार्य क्षमता रही है। किसी भी दल की सरकार रही हो हमेशा तालमेल बनाकर कार्य करते रहे हैं शासकीय कार्यक्रमों गति देने एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों तथा शासकीय कार्यक्रमों का संचालन करने में महारथ हासिल थी। छोटे से लेकर सभी बड़ों का सम्मान करना उनकी आदत में शुमार है कोई भी व्यक्ति को वह निराश नहीं करते थे सभी से हमेशा बेहतर तालमेल रखते थे श्री परिहार को सेवा निवृत्त होने पर जिले के जनप्रतिनिधियों पत्रकारों ने भी बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कुएं में गिरे सियार का सफल रेस्क्यू



**पवई।** दक्षिण पन्ना वनमंडल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जगदीशपुरा में आज एक सियार के खुले कुएं में गिर जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जाल की सहायता से सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर सियार को सुरक्षित बाहर निकाला। प्राथमिक निरीक्षण में उसके स्वस्थ पाए जाने पर उसे सुरक्षित प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू अभियान में परिक्षेत्र सहायक पुष्पेंद्र सिंह चौपरा, वनरक्षक गायत्री सिंह, राजेंद्र खटीक तथा सुरक्षा श्रमिकों की सराहनीय भूमिका रही।

### सर्प काटने से महिला मौत



**पन्ना।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के ग्राम हरदुआ नई बस्ती में एक महिला को जहरीले सर्प ने रात्रि के समय डस लिया जिसे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई । मीराबाई गोंड उम्र 45 वर्ष खाना खाकर अपने घर में सोई हुई थी इस दौरान रात्रि के समय अंधेरे में जहरीले सर्प ने काट दिया तत्काल परिजन जिला चिकित्सालय लेकर आए लेकिन उपचार के दौरान मीराबाई की मौत हो गई मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया।

### भरत तिवारी को श्रृद्धांजलि देकर किया नमन

**अजयगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित देवी दयाल पाठक स्मारक संस्थान द्वारा बिहार के भोजपुर जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा जनहित के मुद्दों को उठाने वाले शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण करने वाले युवक भरत तिवारी की गत दिनों बिहार के भोजपुर जिले के पुलिस प्रशासन द्वारा इनकाउंटर किए जाने पर न केवल भोजपुर जिले में बल्कि पूरे बिहार एवं देश में लोगों में गहरा आक्रोश है अजयगढ़ में भी भरत तिवारी जी को श्रद्धांजलि देकर के नमन किया गया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित देवी दयाल पाठक स्मारक संस्थान द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष श्री राम पाठक पूर्व पटवारी रामेश्वर प्रसाद खरे इंद्रपाल शुक्ला जन्मेजय अर्जरिया डॉक्टर रमाशंकर द्विवेदी मोहम्मद महबूब आशीष जड़िया स गिर बैग मोती मिश्रा लखन लाल यादव मोहम्मद रफीक सत्यनारायण गुप्ता मनोज प्रजापति महेंद्र मिश्रा लखन मिश्रा रवि विश्वकर्मा शंकर सिंह बुंदेला ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नाबालिग किशोरी लापता

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के अधरखुआ गांव से 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी 27 जून को अमानगंज स्थित कन्या पाठशाला में प्रवेश कराने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका के आधार पर बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# गुनौर महाविद्यालय के क्लास रूम में गंदगी का अंबार बदहाल व्यवस्था के बीच परीक्षा देने को मजबूर छात्र

उच्च शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले शासकीय महाविद्यालय गुनौर इस्थित सुंगरहा की व्यवस्थाओं पर उस समय सवाल खड़े हो गए, जब परीक्षा के दौरान क्लासरूम में चारों ओर गंदगी का अंबार देखने को मिला।

**गुनौर**

धूल, कचरा और गंदगी से भरे कमरों में छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। छात्रों का कहना है कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण समय में भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कक्षाओं की समुचित साफ-सफाई नहीं कराई गई। गंदे वातावरण में बैठकर परीक्षा देने से उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा, जिससे उनकी एकाग्रता भी प्रभावित हुई। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण




महाविद्यालय की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उनका कहना है कि जब शिक्षा के केंद्रों की यह हालत होगी, तो छात्रों को बेहतर वातावरण कैसे मिल पाएगा? विद्यार्थियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि महाविद्यालय परिसर और क्लासरूम की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए, ताकि छात्रों को स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण में पढ़ाई एवं परीक्षा देने का अवसर मिल सके। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और विद्यार्थियों की इस समस्या का समाधान कब तक हो पाता है।

## पूर्व सरपंच के निधन पर ग्राम पंचायत भवन में वर्तमान सरपंच परिवारजनों व ग्रामीणों ने मौन धारण कर दी श्रृद्धांजलि

**पन्ना।**

पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत फरस्वाहा लक्ष्मी प्रसाद तिवारी उर्फ सुग्गन तिवारी का विगत दिवस 28 जून के दिन मथुरा बिन्द्रावन में निधन हो गया जिनके निधन की शोक को लेकर पंचायत भवन फरस्वाहा में परिवारजनों एवं वर्तमान सरपंच व ग्रामीणों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रृद्धांजलि। महत्वपूर्ण व्यक्तितत्व जो सदैव के लिए कर्मरूपी कार्यप्रणाली जिनकी सदैव यादगार लमहो के रूप में रह जाती है। ऐसे पूर्व सरपंच के बीते हुए समय को याद करते हुए पंचायत भवन में उनके परिवारजनों के सहित वर्तमान सरपंच तथा पूर्व उपसरपंच पंचों तथा ग्रामीणों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर श्रृद्धांजलि उनकी छायाचित्र को भेंट की। वहीं ईश्वर से प्रार्थना की उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिवारजनों को इस दुख की घडी में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शायद पहली बार किसी ग्राम पंचायत में जिले की



अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत फरस्वाहा में अपने पूर्व सरपंच लक्ष्मी प्रसाद तिवारी उर्फ सुग्गन तिवारी जिनका निधन 28 जून 2026 को जिनकी लम्बी बीमारी के चलते उपचार के दौरान मथुरा बिन्द्रावन में हुआ जिससे पुरी ग्राम पंचायत में शोक की लहर व्याप्त हो ही गई थी। वहीं ग्राम पंचायत फरस्वाहा कार्यालय में वर्तमान सरपंच हेतराम यादव की उपस्थिति में जहां तिवारी परिवार के सहित पूर्व उप सरपंच बाबूराम तिवारी तथा पंचों सहित महत्वपूर्ण गणमान्य नागरिकों ने पंचायत भवन में अपने पूर्व सरपंच को श्रृद्धासुमन को दो मिनट का मौन धारण करके अर्पित कियें वहीं उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें ईश्वर साथ ही उनके परिवारजनों की इस दुख की घड़ी में दुख सहन करने की शक्ति संबल मिल सके। वहीं पूर्व सरंपच सुग्गन तिवारी जिनकी कार्यप्रणाली कर्मरूपी जो बीते हुए समय को याद करके साझा किया गया किस तरह से विरोधी के भी किसी भी कार्य में बनाने के लिए जहां सहमति की जो कार्यप्रणाली एक छाप छोड़ गई। फरस्वाहा ग्राम पंचायत जो कहीं न कहीं बीते समय से सदैव अजयगढ़ जनपद में जानी जाती है। ब्राम्हण बाहुल्य ग्राम पंचायत मुख्यालय को लेकर माना जाता है। यहां आज भी कहीं न कहीं अपनी आपसी एकता गांव के विकास को लेकर सभी में एक उत्साह सदैव जाना जाता है वहीं सायद यह पहली बार ऐसा भी देखा गया जो ग्राम पंचायत कार्यालय में आज मंगलवार जनसुनवाई के बाद पूर्व सरपंच के निधन पर जहां सभी ने शोकसभा का आयोजन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर अपने पूर्व सरपंच को लेकर ईश्वर से प्रार्थना की। उनकी आत्मा शांति के लिए। तथा परिवारजनों के लिए भी इस दुख के समय में जहां पूरा गांव साथ खड़ा हुआ नजर आ रहा है। विद्यालय के शिक्षक दीक्षित जी ने श्रृद्धासुमन अर्पित कर पूर्व सरपंच को श्रृद्धांजलि अर्पित की है। इस तरह से ग्राम पंचायत में पहली बार इस तरह से जहां अपने पूर्व सरपंच के निधन पर शोकसभा का आयोजन व श्रृद्धांजलि पुष्पांजलि अर्पित कर प्रदान की गई।

**शासकीय माध्यमिक शाला नरगी के शिक्षक महेश पिढहा हुए सेवानिवृत्त**

# 42 साल तक जगाई शिक्षा की अलख



### विदाई समारोह में छलकीं आंखें, छात्र-शिक्षक हुए भावुक

**पवई।** जनपद शिक्षा केंद्र पवई के टाई संकुल अंतर्गत आने वाले शासकीय माध्यमिक शाला नरगी पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक महेश प्रसाद पिडहा 42 साल की लंबी सेवा के बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके विदाई समारोह में स्कूल का माहौल भावुक हो गया। 4 दशक तक गढ़ी हजारों जिंदगियां-शिक्षक महेश प्रसाद पिडहा ने नरगी और आसपास के गांवों के हजारों छात्रों को शिक्षा की राह दिखाई। गणित और विज्ञान विषय पढ़ाने में उनकी विशेष पहचान रही। अनुशासन और सरल स्वभाव के कारण छात्र उन्हें 'पिडहा सर' के नाम से याद रखते हैं।

### भावुक विदाई समारोह

स्कूल परिसर में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पं राम दुलारे पाठक, विशिष्ट अतिथि में किशोरी लाल उपाध्याय,के साथ राम भुवन बागरी, राम भगत द्विवेदी, सखा राम पांडे,और टाई संकुल प्राची हजारी पटेल मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षकों, छात्रों और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। छात्रों ने गुरुदक्षिणा देते हुए कहा, ष्सर, आपने हमें सिर्फ पढ़ना नहीं, जीना सिखाया है।ष सहकर्मी शिक्षकों ने उनके अनुभव और मार्गदर्शन को स्कूल की धरोहर बताया । और उन्हें साल श्रीफल भेंट करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक विदाई पर भावुक होते हुए महेश प्रसाद पिडहा ने कहा, ष42 साल का सफर किसी तपस्या से कम नहीं था। मैंने बच्चों को अपना बेटा-बेटी मानकर पढ़ाया। अब शरीर साथ नहीं दे रहा, लेकिन दिल हमेशा नारगी स्कूल के साथ रहेगा। मेरी कामना है कि यहां के बच्चे आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करें।ष स्कूल परिवार ने उनके स्वस्थ और सुखी सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।इस अवसर पर पूरे संकुल का स्टाफ मौजूद रहा।

## रज्जू लाल सेन के परिवार को न्याय एवं आर्थिक सहायता दिलाने सेन शक्ति समाज महासंगठन ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।**

जिले के धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम छतैनी निवासी रज्जू लाल सेन को विगत 12 जून को रेत से भरे एक ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मार दी गई थी जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी उक्त घटना से पूरा परिवार बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि रज्जू लाल सेन अपने परिवार के एकमात्र पालनहार थे उनकी पांच बेटियां हैं जिनका उदर पोषण रज्जू लाल सेन करते थे लेकिन उक्त घटना से पूरा परिवार रोजी-रोटी के लिए परेशान है ।तथा दर-दर की ठोकरे खाते भटक रहा है शासन प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ भी उक्त परिवार को नहीं मिला है ग्राम पंचायत द्वारा मात्र पांच की राशि अंत्येष्टि सहायता के लिए दी गई थी। इसके अलावा कोई लाभ नहीं मिला मृतक की बच्चियों की पढ़ाई लिखाई का संकट भी पैदा हो गया है उक्त घटना को लेकर सेन शक्ति समाज महा संगठन इकाई पन्ना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया है तथा पीड़ति परिवार को न्याय दिलाने एवं आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की गई है क्योंकि उक्त परिवार बहुत ही गरीब है पीड़ति परिवार के पास कृषि की जमीन भी नहीं है जिसे खाने-पीने की व्यवस्था हो सके संगठन द्वारा जिला प्रशासन तथा प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री से तत्काल सहायता दिलाए जाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किए जाने की मांग की है ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष दीनदयाल सेन चंद्रभान सेन रवि सेन हीरालाल सेन सुरेंद्र सेन बृजेंद्र मोहन श्रीवास बृजेश वर्मा शिवम सेन संजय सेन अजय सेन आकाश सेन बहोरी राकेश सेन पप्पू सेन महेंद्र सेन अंशुल सेन आदि उपस्थित रहे।

**सृष्टि मिश्रा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर पवई में निकला कैंडल मार्च**

# दोषियों को फांसी देने की उठी मांग

**पवई।**

नगर में सोमवार शाम नगर के आयुर्वेद डॉ अनुराग मिश्रा की 22 वर्षीय बेटी जो प्रयागराज के एक निजी मेडिकल कॉलेज में एम बी बी एस अंतिम वर्ष की छात्रा सृष्टि मिश्रा की 20 जून को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के विरोध में लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर बेटी को न्याय और दोषियों को फांसी देने की मांग की। हाथों में मोमबत्तियां और तख्तियां लिए बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर से बस स्टैंड,अजय मेडिकल नगर के प्रमुख मार्गों से होकर जय स्तंभ चौक तक शांतिपूर्ण मार्च निकाला। इस दौरान लोगों ने ष्सृष्टि मिश्रा को न्याय दोष और ष्दोषियों को फांसी दोष जैसे नारे लगाए। इस दौरान लोगों ने कहा कि मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर




दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ति परिवार को न्याय मिल सके। कैंडल मार्च में सामाजिक संगठनों, युवाओं और नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। सभी ने एक स्वर में घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मार्च का समापन श्रद्धांजलि सभा के साथ हुआ, जहां सृष्टि मिश्रा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। आयोजन के दौरान पूरा माहौल शांतिपूर्ण रहा और लोगों ने न्याय की मांग को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया।

## सेना के सुबेदार पुष्पेंद्र तिवारी बने शिक्षा और बेटी सम्मान के प्रेरणा स्त्रोत, मेधावी बच्चों को कराई हवाई यात्रा



**पन्ना।**

देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले भारतीय सेना के एक जांबाज सैनिक ने अपने गांव में शिक्षा, बेटियों के सम्मान और सामाजिक उत्थान की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है। पन्ना जिले के सिमरिया क्षेत्र के ग्राम दनवारा निवासी सुबेदार पुष्पेंद्र कुमार तिवारी वर्षों से अपने निजी संसाधनों से गांव के मेधावी विद्यार्थियों, बेटियों और प्रतिभाओं को सम्मानित कर समाज में नई सोच विकसित कर रहे हैं। इसी क्रम में इस वर्ष कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली शिवानी राजपूत एवं कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सचिन राजपूत को उनके माता-पिता सहित खजुराहो से दिल्ली तक हवाई यात्रा और तीन दिवसीय दिल्ली भ्रमण के लिए पूरे गांव की मौजूदगी में हर्षोल्लास के साथ रवाना किया गया। इस अवसर पर बच्चों और उनके परिवार के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। सुबेदार पुष्पेंद्र तिवारी की पहल केवल पुरस्कार तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, बेटियों के सम्मान और सामाजिक जागरूकता का एक प्रेरणादायक अभियान बन चुकी है।

### सुबेदार पुष्पेंद्र तिवारी की प्रमुख पहल

बेटी के जन्म पर 5,000 की सम्मान राशि। 10वीं और 12वीं में 80ः से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 10,000 का प्रोत्साहन पुरस्कार। 90ः से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को खजुराहो से दिल्ली तक हवाई यात्रा एवं दिल्ली भ्रमण। हर वर्ष खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है। हर वर्ष क्षेत्र की पांच महिलाओं का 'नारी सम्मान' कर उन्हें समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है। सुबेदार पुष्पेंद्र तिवारी का यह कार्य इस बात का उदाहरण है कि देश सेवा केवल सीमा पर हथियार उठाकर ही नहीं, बल्कि समाज में शिक्षा, संस्कार, बेटी सम्मान और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर भी की जा सकती है। ग्राम दनवारा में उनकी इस अनूठी पहल ने शिक्षा का वातावरण तैयार किया है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे प्रयासों से बच्चों में बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिल रही है और बेटियों के प्रति समाज की सोच भी सकारात्मक हो रही है। ऐसे जांबाज सैनिक को सलाम, जो सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ अपने गांव के भविष्य को भी नई उड़ान दे रहे हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का किया गया समापन

**पन्ना।**

नगर परिषद अजयगढ़ के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों को संरक्षित करने हेतु नगर के सार्वजनिक कूपों , रामबाग का चौपड़ा, तलैया की साफ़ सफाई का कार्य जनभागीदारी के तहत कराया गया स तथा हजूरी तालाब एवं रेस्ट हाउस के बाजू स्थित बावड़ी का जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ कराया गया स उक्त कार्य पूर्ण होने से वॉटर लेवल बढ़ेगा स तथा जल संरक्षण व पर्यावरण का सरंक्षण करने एवं वृक्षारोपण किए जाने की शपथ दिलाई गई स इसी के साथ जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का समापन किया गया स सीएमओ संजय वाल्मीकि द्वारा बताया गया कि नगर में वृहद वृक्षारोपण किया गया जो निरन्तर जारी रहेगा। उक्त कार्यक्रम में नगर के बुद्धिजीवी, जन



अभियान परिषद के सदस्य के अतिरिक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव, नगर परिषद के उपाध्यक्ष राज कुमार खटीक, नारायण दास रजक पार्षद, गोविंद प्रसाद कुशवाहा पार्षद, अजय कुमार मिश्रा पार्षद, मोहम्मद साबिर नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय वाल्मीकि, उपयंत्री विक्रम बागरी, बृजेन्द्र तिवारी, संजय जैन, गोपाल श्रीवास्तव, राहुल धुरिया, आदित्य श्रीवास्तव, राम कुमार बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहनगर में सेवानिवृत्त सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शाहनगर।**

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहनगर में शिक्षक अनिल कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके लंबे, समर्पित एवं अनुकरणीय शैक्षणिक योगदान को भावभीनी विदाई देते हुए सम्मानित किया। अपने सेवाकाल के दौरान श्री अनिल कुमार सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए विद्यालय और



समाज को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। समारोह में उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि श्री सिंह की सेवाएं सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगी और उनका योगदान विद्यालय परिवार हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों द्वारा उनके सुखद एवं स्वस्थ सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# बुजुर्ग महिला पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला दबंगों की गिरफ्तारी न होने से परिवार खौफ में

छतरपुर। सटई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नंदगांव बट्यन में पुरानी रंजिश के चलते एक बुजुर्ग महिला पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने कलेक्टर को आवेदन देकर आरोपियों पर कड़ी धाराएं बढ़ाने और उनकी जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 जून 2026 की रात करीब 10 बजे फरियादी घनश्याम अहिरवार की 60 वर्षीय मां नन्नीबाई अहिरवार घर के दरवाजे पर बैठी थीं। इसी दौरान गांव के आरोपी संतोष उर्फ भूरा, शंकर अहिरवार, पूरन उर्फ पुन्ना और बब्बू अहिरवार एक राय होकर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से लैस होकर उनके घर में घुस आए। गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी संतोष ने बुजुर्ग महिला के सिर और हाथ पर कुल्हाड़ी की धारदार तरफ से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वे लहूलुहान हो गईं। बीच-बचाव करने आए परिजनों के साथ भी मारपीट की गई।

घायल महिला को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय छतरपुर में भर्ती कराया गया है। हालांकि सटई थाना पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन फरियादी का आरोप है कि पुलिस ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से किए गए हमले की उचित धाराएं शामिल नहीं की हैं। दबंगों के रसूख के कारण पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है, जिससे आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। खौफ के कारण परिवार के लोग अस्पताल जाने के लिए भी घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। पीड़ित ने प्रशासन से तत्काल सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में एसपी रजत सकलेचा ने कहा कि घायल पक्ष का आवेदन आया है। एसडीओपी को मामले की जांच करने के लिए बोला गया है जो भी आरोपी होंगे उस पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास, छतरपुर कोर्ट का बड़ा फैसला

छतरपुर। छतरपुर के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) के न्यायालय ने नाबालिग के साथ बलात्कार करने के गंभीर मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए आरोपी संतोष पटेल को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 8,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। डीपीओ प्रवेश अहिरवार के अनुसार आरोपी संतोष पटेल ने घटना से करीब एक महीने पहले इंस्टाग्राम पर नाबालिग पीड़िता को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। बातचीत के दौरान उसने पीड़िता को शादी का झांसा दिया। 1 जुलाई 2025 को जब पीड़िता के माता-पिता एक निमंत्रण में गए थे और वह घर पर अकेली थी, तब दोपहर करीब 1 बजे आरोपी जबरन उसके घर में घुस आया और उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता के चिल्लाने पर जब उसके परिजन वहां पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना छतरपुर में भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला स्तरीय समिति द्वारा इसे सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में रखा गया था। अदालत में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रवेश कुमार अहिरवार एवं हेमंत बाजोलिया ने प्रभावी पैरवी की। सभी सबूतों और गवाहों के मद्देनजर न्यायालय ने आरोपी संतोष पटेल को बीएनएस की धारा 332(2) में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 3000 रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3 सहपठित धारा 4(2) में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# हाई कोर्ट से जमानत पर छूटे युवक को दोबारा झूठे केस में फंसाने की साजिश, कलेक्टर से सुरक्षा की गुहार



छतरपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मनकारी निवासी राघवेंद्र पटेल के परिजनों ने जिला कलेक्टर को आवेदन देकर विरोधी पक्ष द्वारा उसे हत्या और जानलेवा हमले के झूठे मामलों में दोबारा फंसाने की रची जा रही साजिश से सुरक्षा की मांग की है। आवेदन के अनुसार 21 दिसंबर 2025 को ग्राम मनकारी में जमीन विवाद को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस मामले में महाराजपुर पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। राघवेंद्र का कहना है कि घटना के वक्त वह मौके पर मौजूद नहीं था, लेकिन विरोधियों के दबाव में पुलिस ने मेमोरेंडम के आधार पर उसे सह-आरोपी बनाकर जेल भेज दिया था। इस मामले में 19 जून 2026 को जबलपुर हाई कोर्ट ने राघवेंद्र की जमानत स्वीकार की, जिसके बाद वह जेल से बाहर आया।आवेदक का आरोप है कि जमानत मिलने से नाराज विरोधी पक्ष हृदेश पटेल, मनोज पटेल आदि उसे दोबारा जेल भिजवाने के लिए खुद को फर्जी चोटें पहुंचाकर पुलिस व वरिष्ठ अधिकारियों से झूठी शिकायतें कर रहे हैं। जेल से छूटने के बाद से राघवेंद्र अपने गांव मनकारी नहीं गया है और छतरपुर में अपने रिश्तेदारों के यहां रह रहा है। उसने अपने मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर जांच कराने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार प्रशासनिक अधिकारियों से लगाई है।

# पुलिस कर्मी पर धमकी और दखलअंदाजी के आरोप एसपी कार्यालय पहुंच युवक ने लगाई न्याय की गुहार

छतरपुर। शहर के सौर पहाड़ी वार्ड क्रमांक-2 निवासी जयराम अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपते हुए न्याय की मांग की है। उन्होंने हरिजन थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी जग प्रसाद अहिरवार पर पारिवारिक विवाद में हस्तक्षेप करने, जान से मारने की धमकी देने और झूठे मामलों में फंसाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

आवेदन के अनुसार, जयराम अहिरवार का आरोप है कि संबंधित पुलिसकर्मी ने अपनी बहन के साथ मिलकर उनके बड़े भाई के लगभग 25 लाख रुपये मूल्य के टेंट व्यवसाय पर कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई तथा कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही पुलिस में पदस्थ होने का प्रभाव दिखाते हुए लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी पुलिसकर्मी उन्हें और उनके परिवार को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देता है, जिससे पूरा परिवार भय के साये में जीवन यापन



करने को मजबूर है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी अपने पद का दुरुपयोग कर परिवार पर लगातार दबाव बना रहा है।

जयराम अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपों की सत्यता की पड़ताल कराने, दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# बिछड़े मां-बेटे का छतरपुर में हुआ सुखद मिलन- समाजसेवी डॉ. संजय शर्मा की मदद से मां को मिला खोया हुआ पुत्र

छतरपुर। कहते हैं कि दुनिया में इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और जब कोई संकट में फंसा हो, तो फरिश्ते किसी न किसी रूप में मदद के लिए आ ही जाते हैं। रीवा से आई एक बेबस मां के लिए छतरपुर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. संजय शर्मा एक ऐसे ही फरिश्ते साबित हुए। डॉ. संजय शर्मा के अथक प्रयासों और त्वरित सूझबूझ के चलते एक महीने पहले छतरपुर के एक धार्मिक स्थल से गुम हुआ मानसिक विक्षिप्त बेटा आखिरकार अपनी रोती-बिलखती मां से मिल गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा जिले के मऊगंज तहसील की रहने वाली महिला कलावती द्विवेदी का 30 वर्षीय इकलौता बेटा संदीप मानसिक रूप से विक्षिप्त है। करीब एक महीने पहले छतरपुर यात्रा के दौरान संदीप अचानक लापता हो गया था। अपने कलेजे के टुकड़े की फोटो हाथ में लेकर बेबस मां कई दिनों से तलाश में



भटक रही थी। बीते रोज जब वह छतरपुर बस स्टैंड की दुकानों पर आंसू बहाते हुए उसे ढूंढ रही थी, तभी इस दर्दनाक मंजर पर मानसिक रोगियों के मसीहा कहे जाने वाले छतरपुर निवासी डॉ. संजय शर्मा की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने तड़पती हुई मां के आंसू पोंछे, उसे ढांढस बंधाया और ठान लिया कि वह इस बेटे को उसकी मां से मिलाकर ही दम लेंगे। डॉ. शर्मा ने तुरंत बस स्टैंड के एक दुकानदार विवेक उप्पल को साथ लिया और युवक की फोटो व जानकारी को सोशल मीडिया तथा स्थानीय मीडिया ग्रुप्स में वायरल करवा दिया।

### डॉ. संजय शर्मा की मुहिम लाई रंग, महोबा रोड पर मिला संदीप

डॉ. संजय शर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर चलाई गई यह मुहिम चंद घंटों में रंग ले आई। इस डिजिटल प्रयास की बदौलत एक जागरूक नागरिक ने सूचना दी कि हूबहू उसी शक्ल का एक युवक पिछले 20-25 दिनों से महोबा रोड पर केंद्रीय विद्यालय के पास एक मंदिर में शरण लिए हुए है। जैसे ही यह सुराग मिला, डॉ. संजय शर्मा ने बिना एक पल गंवाए खुद मोर्चा संभाला। वह तुरंत वृद्ध महिला को अपनी देखरेख में उस मंदिर लेकर पहुंचे। मंदिर पहुंचते ही जैसे ही मां कलावती और बेटे संदीप का सामना हुआ, दोनों एक-दूसरे के गले लगकर रो पड़े। एक महीने की तड़प और भटकन का सुखद अंत हो चुका था। वहां मौजूद हर शख्स की आंखें इस भावुक मिलन को देखकर नम हो गईं और लोग डॉ. संजय शर्मा की इस निस्वार्थ सेवा और नायक जैसी भूमिका की सराहना करने से खुद को रोक नहीं पाए।

### मुस्कुराते हुए रीवा रवाना हुआ परिवार

अपने इकलौते बेटे को सुरक्षित वापस पाकर मां कलावती के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे, लेकिन इस बार ये आंसू खुशी के थे। उन्होंने भावुक होकर डॉ. संजय शर्मा का हाथ जोड़कर धन्यवाद किया। इसके बाद डॉ. शर्मा ने पूरे सम्मान के साथ महिला और उनके परिजनों को बेटे संदीप के साथ रीवा के लिए रवाना किया। डॉ. संजय शर्मा के इस परोपकारी कार्य ने एक बार फिर साबित कर दिया कि समाज में आज भी इंसानियत जिंदा है।

# 42 वर्षों की सेवा के बाद सफाई वाहन चालक रामस्वरूप करौसिया का सम्मानपूर्वक हुआ सेवानिवृत्ति समारोह



छतरपुर। नगर पालिका में 42 वर्षों तक सफाई वाहन चालक के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले रामस्वरूप करौसिया के सेवानिवृत्त होने पर वार्डवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर तथा शाल-श्रीफल और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। रामस्वरूप करौसिया ने अपने लंबे सेवाकाल में वार्ड क्रमांक 16, 17, 18 एवं 19 में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाई। उनके समर्पण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए वार्डवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। सम्मान समारोह में वार्ड 16 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश तिवारी एवं वार्ड 19 के पार्षद शिव सिंह यादव ने शाल-श्रीफल, पुष्पमाला एवं मिठाई भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान प्रकाशचन्द्र भुर्जी, पंकज खरे, रोहित रैकवार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी ने रामस्वरूप करौसिया की सेवाओं को नगर के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उनके योगदान को यादगार बताया।

# सोरखी घाट पर धड़ल्ले से अवैध उत्खनन, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल



छतरपुर। जिले के भगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बान सुजारा के सोरखी घाट पर कथित रूप से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार घाट पर कई जेसीबी मशीनें, डंपर और ट्रैक्टर लगातार उत्खनन कार्य में लगे हुए हैं, जिससे क्षेत्र में खनिज संपदा का अवैध दोहन होने की शिकायतें बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से चल रहे इस कथित अवैध उत्खनन के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि पुलिस और खनिज विभाग की मिलीभगत के कारण यह गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित हो रही हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

मामले को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रशासन की चुप्पी से स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो इससे न केवल राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि पर्यावरण और नदी क्षेत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडने की आशंका जताई जा रही है। अब निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि मामले में जांच कर आवश्यक कदम कब उठाए जाते हैं।

# झांसी-खजुराहो फोरलेन किनारे जली हुई लाश मिलने से सनसनी, ग्रामीणों में दहशत



छतरपुर। जिले के अलीपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करारा गंज के पास झांसी-खजुराहो फोरलेन किनारे एक किसान के खेत में जला हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी उस समय सामने आई जब ग्रामीणों ने खेत में शव पड़ा देखा, जिसके बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल मामले की सूचना अलीपुरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। शव पूरी तरह जला हुआ होने के कारण उसकी पहचान तत्काल नहीं हो सकी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह हत्या का मामला है या किसी अन्य कारण से शव को यहां लाकर जलाया गया। पुलिस का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना-

अलीपुरा थाना क्षेत्र में हाइवे के पास एक अधजली लाश मिली है। मृतक की पहचान करने के प्रयास किया जा रहे हैं। एफएसएल की टीम ने भी मौके पर छानबीन की है। उत्तरप्रदेश की बॉर्डर भी पास में लगती है तो संबंधित थाना से भी संपर्क किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया व्यक्ति को मारकर जलाने का प्रयास किया गया है। जल्द ही मृतक की पहचान कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**रजत सकलेचा, एसपी, छतरपुर**



# युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला पुलिस पर निष्पक्ष कार्रवाई न करने का आरोप

छतरपुर। जिले के गढ़ी मलहरा थाना क्षेत्र में एक युवक पर कथित रूप से धारदार हथियार और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल युवक ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करने और मामले को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया है। फिलहाल घायल का अस्पताल में उपचार जारी है।

घायल गोलू रैकवार निवासी गढ़ी मलहरा ने बताया कि सोमवार शाम करीब छह बजे वह अपने एक साथी के साथ था। इसी दौरान आधा दर्जन लोगों ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार, हमलावरों ने पहले उसके सिर पर मछली काटने वाले धारदार हथियार से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की।

घायल ने हमले के लिए मुन्ना रैकवार, मुल्लू रैकवार, हलकई रैकवार, राहुल रैकवार, छिंगे रैकवार और नीरज रैकवार को जिम्मेदार ठहराया है। उसका कहना है कि घटना के बाद वह गढ़ी मलहरा थाने पहुंचा, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था भी नहीं की गई, जिसके चलते अधिक रक्तस्राव होने पर उसके भाई ने निजी वाहन से उसे अस्पताल पहुंचाया।

पीड़ित का यह भी आरोप है कि अस्पताल में पुलिस ने उसके बयान तो दर्ज किए, लेकिन आरोपियों के प्रभाव के चलते उचित धाराओं में कार्रवाई नहीं की जा रही है। उसका कहना है कि पुलिस मामले को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। घायल ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि यदि स्थानीय स्तर पर न्याय नहीं मिला तो वह जिला पुलिस अधीक्षक से शिकायत करेगा। हालांकि, पुलिस की ओर से इस मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पुलिस का पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के नाम पर धोखाधड़ी लाभ दिलाने के एवज में ऐठें दस हजार, एसपी से शिकायत

छतरपुर। शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर भोले-भले ग्रामीणों को ठगने का एक नया मामला सामने आया है। राजनगर तहसील के ग्राम लखेरी की रहने वाली एक महिला ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में पंजीकरण और लाभ दिलाने के नाम पर दस हजार रूपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

### यूपीआई के माध्यम से लिया भुगतान

पीड़िता गुड्डी अहिरवार ने मंगलवार को एसपी कार्यालय में सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि छतरपुर निवासी वंशगोपाल अहिरवार ने उसे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिलाने का झांसा दिया था। आरोपी ने पंजीकरण कराने के



नाम पर पीड़िता से दस हजार रूपए की मांग की, जिसका भुगतान महिला द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया था।

### न योजना का लाभ मिला, न पैसे वापस किए

रुपये ऐंठने के बाद आरोपी द्वारा न तो योजना का लाभ दिलाया गया और न ही पीड़ित महिला की राशि वापस की गई। महिला ने जब बार-बार उससे संपर्क करने की कोशिश की, तो आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और बात करना बंद कर दिया। इस विश्वासघात से परेशान होकर पीड़िता ने ऑनलाइन भुगतान के साक्ष्य और रसीद के साथ पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज करने और अपनी राशि वापस दिलाने की मांग की है।

# 40 साल से फरार स्थाई वारंटी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। हरपालपुर थाना पुलिस ने करीब 40 वर्षों से फरार चल रहे चोरी के मामले के स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी वर्ष 1984 में दर्ज चोरी के एक मामले में लंबे समय से फरार था और गिरफ्तारी से बचता आ रहा था। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके घर पर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजेश सिकरवार ने बताया कि थाना हरपालपुर के अपराध क्रमांक 77/1984 में तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 457 एवं 390 के तहत दर्ज प्रकरण में आरोपी लक्ष्मण पिता शिवदयाल धोबी उर्फ लंगड़ा धोबी 60 वर्ष, निवासी खटख्याना मोहल्ला के विरुद्ध न्यायालय से स्थाई वारंट जारी था। आरोपी वर्षों से फरार चल रहा था, जिसके चलते पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को लंबे समय से लंबित मामलों के निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश सिकरवार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र यादव तथा आरक्षक मनोज, संदीप और सतीश की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# जल संरक्षण का संदेश लेकर गांव-गांव पहुंचेगा जागरूकता रथ एसडीएम और सीईओ ने दिखाई हरी झंडी

बड़ामलहरा। जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से परमार्थ समाज सेवी संस्थान द्वारा संचालित जलधारा परियोजना के अंतर्गत मंगलवार को ई-रिक्शा आधारित जन-जागरूकता रथ को रवाना किया गया। अनुविभागीय अधिकारी अखिल राठौर एवं जनपद पंचायत बड़ामलहरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईश्वर सिंह वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर एसडीएम अखिल राठौर ने कहा कि लगातार घटते भू-जल स्तर और बढ़ते जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने नागरिकों से वर्षा जल संचयन, प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। वहीं सीईओ ईश्वर सिंह वर्मा ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

परमार्थ समाज सेवी संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि जागरूकता रथ आगामी दिनों में बड़ामलहरा क्षेत्र की



विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा। इस दौरान ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन, तालाबों एवं कुओं के संरक्षण, जल के सही उपयोग और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश दिए जाएंगे। अभियान के माध्यम से महिलाओं, युवाओं, जल सहेलियों और ग्रामीणों को जोड़कर जल संरक्षण को जनभागीदारी से जनआंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा। संस्थान का उद्देश्य लोगों में जल के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल एवं पर्यावरण संरक्षण की मजबूत नींव तैयार करना है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, परमार्थ समाज सेवी संस्थान की टीम, जल सहेलियाँ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में मत्स्य समिति पर तालाब बेचने के आरोप, निष्पक्ष जांच की उठी मांग

छतरपुर। मंगलवार को आयोजित कलेक्टर की जनसुनवाई में ग्राम बगौता की मत्स्योद्योग सहकारी समिति का मामला सामने आया, जहां समिति के कुछ सदस्यों ने अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि समिति में लंबे समय से पारदर्शिता का अभाव है तथा नए सदस्यों से राशि लेने के बावजूद उन्हें स्थायी सदस्य नहीं बनाया जाता। विरोध करने वाले सदस्यों के नाम समिति से हटाने और खाली रजिस्टरों पर हस्ताक्षर कराने जैसे आरोप भी आवेदन में लगाए गए हैं।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में तालाब मछली पालन के लिए दिए जाने के बाद अब सदस्यों की सहमति के बिना दोबारा तालाब बेचने का प्रयास किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, मामले में दूसरे पक्ष के भगवानदास रैकवार ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि समिति का गठन वर्ष 1991 में हुआ था और वे केवल एक साधारण सदस्य हैं। समिति के संचालन अथवा तालाब बेचने से




उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ साजिश के तहत झूठी शिकायत कर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। अब मामले में प्रशासन द्वारा शिकायत की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

